## सार-समाचार

### गैराज से बैट्रियां व सामान चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास स्थित गैराज से चोर बैट्रियां व सामान तथा जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में स्थित दुकान से मोबाईल बेटरियां चुरा ले गए। पुलिसे स प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहनलाल पुत्र परसराम लौहार निवासी लवकुश मोटर गैराज गोर बाघ के सामने देवाली गोवर्धन विलास ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 10 सितंबर रात में अज्ञात चोर गैराज का ताला तोड़ कर वहां खड़ी गाड़ियों से बैटरिया एवं डीवीआर चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इसी तरह खेरवाड़ा थाना पुलिस ने मोचीवाड़ा खेरवाड़ा निवासी मनिष पुत्र राजेन्द्र कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी बंजारिया में मोबाईल की दुकान है। 3 सितंबर को अज्ञात चोर दुकान से बैटरिया, उपकरण व सामान चुरा ले गया। इसका पता चलने पर पड़ताल की लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल नरेश कुमार कर रहे है।

### पत्नी की हत्या करने वाला पति धरा

**उदयपुर, (कासं)।** फतहनगर थाना पुलिस ने मारपीट कर पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार10 सितंबर को टेलिफोन से खेड़ी मगरी गांव कंचोली में एक डेड बॉडी पडा होने की सूचना मिली। इस पर फतहनगर थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधिच मय टीम ने मौके पर पहुंचे। जहां मृतका के भाई लालु भील पुत्र भेरा भील निवासी थामला भील बस्ती मावली ने रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मेरी बहन वरदी की उसके पति बाबुलाल उर्फ त्रिलोक ने मारपीट कर हत्या कर दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, मनीष कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में फतनगर थानाधिकारी दुर्गा प्रसाद दाधिच के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी खेडी मगरी कुंचोली फतहनगर निवासी बाबुलाल उर्फ त्रिलोक पुत्र डालु को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

### मारपीट कर नकदी व मोबाइल लूटा

**उदयपुर, (कासं)।** ट्रक चालक व भतीजे के साथ मारपीट कर नकदी व मोबाईल लूटने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार पीडित परतीपुरा बस्सी जयपुर ठामीण निवासी हरिसिंह गुर्जर पुत्र रंगलाल गुर्जर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 24 अगस्त को गुजरात से सब्जियां लेकर शाहपुरा जा रहा था। जहां बीच रास्ते गोवर्धन विलास हाइवे खरपीणा स्थित मातेश्वरी होटल के समीप गाड़ी रोक शौच करने के लिए नीचे उतरा। इस दौरान आए पांच छह बदमाशों ने मेरे एवं मेरे भतीजे लेखराज के साथ मारपीट कर मोबाईल व 24 हजार रूपये नकदी लूट ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई प्रदीप कुमार कर रहे है।

### भैंस चोरी करने वाला पकड़ा

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने कस्बे से भैसे चोरी करने वाले को गिरफ्तरि कर इसके कब्जे से चोरी की गई तीन भैसें बरामद की। प्रकरण के अनुसार 10 सितंबर को देवाराम पत्रु डूंगाराम निवासी कुण्डलावास सायरा ने अज्ञात चोर के खिलाफ तीन भैंसे चुरा ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सायरा थानाधिकारी प्रवीण जुगतावत के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी प्रभुराम पुत्र बाबुराम निवासी मालवा का चौरा बैकरिया को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी की गई तीन भैंसे बरामद की।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी झुंझुंनू निवासी मनोज वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि वर्ष 2019 में आरोपी से संपर्क होने पर नजदीकियां हो गई। इस दौरान शादी करने की बात कहने पर आरोपी के साथ रहना शुरू कर दिया। 2023 में पुत्र जन्म होने के कुछ समय बाद गत दिनों आरोपी ने मुझे छोड़ दिया तथा शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच अम्बामाता थाना के एसआई मुगलाराम को सौंपी है।

### सरकारी जमीन से हटाए अवैध कब्जे

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण(यूडीए) ने गुरूवार को लखावली क्षेत्र में सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाने बुलडोजर चलाए। इसमें लखावली तालाब से सटी जमीन भी शामिल है। भूमाफियाओं की इस जमीन पर लंबे समय से नजर थी। यूडीए ने लखावली और भीलवाड़ा बस्ती के पास जिस जगह से यूडीए की जमीन से अवैध कब्जे हटाए उस जमीन पर भूमाफियाओं की लंबे से नजर थी। यहां पर छोटे निर्माण कर सरकारी जमीन पर पहले कब्जा कर बाद में इसी जमीन को बेचने की तैयारी की जा रही थी। तालाब से सटी जमीन होने से इसकी वेल्यू भी ज्यादा होने से भूमाफिया ज्यादा सक्रिय हो रहे थे। ऐसे में आज यूडीए ने बुलडोजर चलाकर जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कर ली। उदयपुर में वैसे तो हर क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं की नजर है लेकिन तालाबों से सटी जमीन पर उनकी खास नजर है क्योंकि होटल रिसोर्ट के नाम पर इनको मुंह मांगे दाम में बेचना आसान होता है। हालांकि यूडीए भी ऐसी जमीनों पर पूरी नजर रखे हुए है और मौका मिलते ही वहां बुलडोजर चलाने की रणनीति अपनायी जा रही है। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने इसके लिए विशेष निर्देश भी दे रखे है।यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि लखावली और यहीं के भीलवाड़ा क्षेत्र में करीब दो हैक्टेयर जमीन से अतिक्रमण हटाए गए। भविष्य में यहां पर यूडीए स्तर पर जनहित में विकास कार्य करवाया जाएगा।

# प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की जानी प्रगति



जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा।

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व व उपनिवेशन मंत्री श्री हेमन्त मीणा ने गुरूवार को जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक ली। लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, जिला प्रमुख ममता कुंवर और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा की उपस्थिति में हुई बैठक में प्रभारी मंत्री मीणा ने शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को राज्य सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और समस्त अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणा क्रियान्वयन की प्रगति, वर्षाजनित कारणों से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन,

> ■ भूमि आवंटन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण की दी हिदायत

स्वास्थ्य केंद्र भवनों, सड़क, नहर, पुलिया आदि के मरम्मत प्रस्तावों, फसल खराबा आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्री अरविन्द पोसवाल ने सभी अधिकारियों को बैठक में दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सरकार की मंशा स्पष्ट है। लोकसभा चुनाव के कारण बजट देरी से आया, ऐसे में समय कम है। विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय रखते हुए कार्य करें। सभी कार्य समय पर पूरे होने चाहिए। उन्होंने बजट घोषणाओं को लेकर जमीन आवंटन की स्थिति जानी। कुछ प्रोजेक्ट में जमीन आवंटन प्रस्ताव लंबित होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला कलक्टर पोसवाल को स्वयं मोनिटरिंग करते हुए प्रस्ताव जल्द तैयार करा आवंटन की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम दीपेन्द्रसिंह ने 15 बजट घोषणाओं में से 8 में भूमि आवंटित हो जाने और अन्य में प्रगति के बारे में अवगत कराया।

समीक्षा बैठक दौरान सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने शिक्षा और चिकित्सा से संबंधित संस्थानों में अपेक्षित सुधार के लिए प्रभारी मंत्री को सूची सौंपते कार्यवाही प्रस्तावित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि समग्र लोकहित में मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी प्रयास करें। बैठक में प्रभारी मंत्री मीणा व सांसद डॉ रावत ने जिले में वर्षाजनित कारणों से प्रभावित विद्यालयों, अस्पताल भवनों की जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभागों को आपदा राहत के तहत विस्तृत मरम्मत प्रस्ताव जल्द से जल्द भिजवाने के लिए पाबंद किया। मीणा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसमें किसी तरह की कौताही नहीं बरती जाए। उन्होंने बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलिया, नहर सहित अन्य संरचनाओं की भी जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री मीणा ने कहा कि प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। बांध-तालाब भर चुके हैं। कई जगह पुलिया-रपट पर पानी चल रहा है। वर्षाजनित कारणों से कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसके लिए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है। जहां आवश्यक हो, वहां माकूल बंदोबस्त किए जाएं।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री हेमन्त मीणा ने बारिश के चलते फसल खराबे की स्थिति की भी समीक्षा की। एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग की ओर से गिरदावरी चल रही है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक तौर पर अलग-अलग ब्लॉक में 2 से 30 प्रतिशत तक के खराबे का आंकलन बताया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील हैं। उन्होंने जिला कलक्टर को फसल खराबे का धरातलीय आंकलन कराकर रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा बैठक दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के कारण सड़क, पुलियाओं और विद्यालयों के क्षतिग्रस्त हो जाने की स्थिति की जानकारी दी और अधिकारियों को इस बारे में तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली ने उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के प्रतिनिधि के तौर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों किनारे पानी जमा होने की स्थिति के बारे में बताया और इससे सड़क क्षतिग्रस्त होने की संभावनाओं को देखते हुए पानी की निकासी की व्यवस्था करने का आग्रह किया। इस पर कलक्टर पोसवाल ने नगर निगम और यूडीए को अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों पर पानी निकासी के लिए टीमों को तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं, वर्षाजनित कारणों से क्षतिग्रस्त संरचनाओं आदि को लेकर विभागवार फीडबैक लेते हुए समीक्षा की।

# गीतांजली में 'छूना मना है' की मुहिम का आगाज

> ■ अरविन्द कुमार पोसवाल, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने छूना मना है के पोस्टर का किया विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में छूना मना है मुहिम की शुरुआत नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में की गयी। मुहिम का मकसद बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाना है जिससे कि उनका सर्वांगीण विकास हो सके और वह किसी भी दुष्कर्म का शिकार ना होने पाये।

कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुषमा मोगरी ने बहुत ही साधारण व आकर्षक तरीके से बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाया और प्रश्न उत्तर भी किये और साथ ही मनोविशेषज्ञ डॉ शिखा शर्मा द्वारा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की गयी जिसमें बच्चों ने बढचढ कर भाग लिया। दोनों की डॉक्टर्स के सेशन के दौरान बच्चे बहुत ही उत्साहित रहे और मनोरंजन के साथ उन्होंने ज्ञानवर्धक बातें सुनी और समझी। इस पूरे माह दोनों डॉक्टर्स द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाके सेशन दिए जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान महाराज कुंवरानी साहिबा निवृत्ति कुमारी , मेवाड, डिप्टी एसपी चेतना भाटी जी, दिलीप सिंह यादव, उपाध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं डायरेक्टर, सक्सेस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ऋषि कपूर, सीओओ जीएमसीएच, डॉ. एन एस राठौर, कैंपस डायरेक्टर, गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, डॉ. पी.के जैन, डायरेक्टर, गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, सुरभि खत्री, डायरेक्टर, लॉरिएट हाई स्कूल, प्रतीक, डायरेक्टर, लेगसी वर्ल्ड स्कूल और पायनियर पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे। सभी ने इस मुहिम की प्रशंसा की, कुंवरानी साहिबा निवृत्ति कुमारी जी ने कहा कि गुड टच बैड टच के सेशंस बच्चों ही नही बल्कि माता- पिता के लिए भी जरूरी है। सीओओ जीएमसीएच ऋषि कपूर ने कहा कि गुड टच बैड टच सभी बच्चों को उनकी सुरक्षा के लिए जानना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ओनर्स व प्रिन्सिपलस के प्रेरणादायक संदेशों के विडियो भी चलाये गए, जिसे बच्चों ने बहुत ध्यानपूर्वक सुना। छूना मना है के पोस्टर का विमोचन अरविन्द कुमार पोसवाल, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने किया।उदयपुर के 30 से भी अधिक नामी स्कूल भाग ले रहे हैं।

### पीएचडी की उपाधि

**उदयपुर, (कासं )।** जनार्दनराय नागर राज. विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि ने सोशल साईस संकाय में योगेश द्विवेदी को राज्य के सीमेंट विनिर्माण उद्योगों द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास हेतु किए कार्यो का अध्ययन विषय पर शोध कार्य करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।


**नाम परिवर्तन**

मैं दिलशाद हुसैन रंगरेज S/ O मोहम्मद युनुस रंगरेज निवासी कांकरोली राजसमंद ने अपना नाम बदलकर नया नाम दिलशाद हुसैन (DILSHAD HUSSAIN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे ।


# 'शारीरिक व मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार आवश्यक'



उदयपुर में पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

> ■ पोषण माह 2024 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, उदयपुर द्वारा-राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत गुरुवार को आईटीआई उदयपुर एवं महिला आईटीआई के सभागार में युवाओ के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि पोषण का सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से है इसलिए शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है। उन्होंने कहा की सही पोषण न केवल बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी सुधारता है। हमारे देश में अभी भी कई लोग, खासकर बच्चे और महिलाएं, कुपोषण का शिकार हैं। उन्होंने कहा की भारत सरकार ने 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना है साथ ही देशवासियों को पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। सेबी प्रशिक्षक शकुन्तला पारीक ने वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी देते हुए साइबर क्राइम से कैसे बचा जा सकता हैं पर प्रकाश डाला । आई टी आई के प्रिंसिपल के.जी पानेरी एवं एम.पी,माथुर तथा महिला आई टी आई के प्रिंसिपल नीरज वैद ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उपरोक्त विषय पर दोनों जगह मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियो को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### युवती ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना क्षैत्र में युवती ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित भावना (18) पुत्री रतनलाल नंगारची की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। जिसस का उपचार चल रहा था। बुधवार को उसने विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया। गुरूवार को उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल यशवन्त सिंह ने पोस्ट मार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल मावली, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.मा./भूमि/90-क/2024-25/645 दिनांक :12/09/24

**लोक-सूचना**

(1) श्री सुन्दरलाल चौधरी पुत्र श्री भंवरलाल चौधरी, निवासी गायत्री नगर मावली जिला उदयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक (व्यवसायिक प्रयोजनार्थ) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| मावली,उदयपुर | राजस्व ग्राम मावली पटवार हल्का मावली | 5172/ 2295 | रकबा 0.0486 यानि 5229.36 वर्गफीट यानि 581.04 वर्गगज यानि 486 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने एवं अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जा सकेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और कार्यालय मोहर के अधीन आज दिनांक ...... को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मावली

**कार्यालय नगर पालिका भीण्डर, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.भी./भूमि/2024-25/780 दिनांक : 10/09/2024

**-:उजरदारी सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किनिम्नांकित प्रार्थी द्वारा नगर पालिका क्षैत्र मेंजरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार परमकान / भूखण्ड की नामान्तरण स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो उजरदारी सूचना प्रकाशन के सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति जारी किये जाने की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का पता | पड़ौस | | | | भू.क्षै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1 | श्री नाना लाल अहीर पिता श्री सोहन लाल जी अहीर निवासी मदनपुरा भीण्डर | वार्ड नं.24 स्टेशन रोड़ सुख सागर विहार आवासीय कोलोनी भीण्डर | भूखण्ड संख्या 25 | आम रास्ता | भूखण्ड संख्या 26 व 27 का भाग | श्री मांगी लाल खटीक की कृषि भूमि | 960 वर्ग फीट |

अधिशाषी अधिकारी , नगर पालिका भीण्डर


# उदयपुर में कैंसर रोग विशेषज्ञों की कांफ्रेंस आज से




पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया।

**उदयपुर, (कासं)।** भारत में कैंसर केयर के क्षेत्र में निरंतर विकास और नवाचार हो रहे हैं, जिन्हें चिकित्सकों के सामने लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रेण्ड्स ऑफ ट्रांसफोर्मेशन इन ऑन्कोलॉजी-स्क्रीन एंड ट्रीट का आयोजन 13 सितम्बर से किया जा रहा है। लेकसिटी उदयपुर कांफ्रेंस 15 सितंबर तक आयोजित कांफ्रेंस में देश के विभिन्न शहरों से कैंसर रोग विशेषज्ञ शिरकत करेंगे।

> ■ 15 सितम्बर तक चलने वाली कांफ्रेस में 400 से ज्यादा कैंसर रोग विशेषज्ञ करेंगे शिरकत

पीएमसीएच,पारस हेल्थ,मेन केन फाउण्डेशन,आईएएससीओ और कैंसर रिसर्च एंड स्टेटिस्टिक के साथ आईएमए उदयपुर,एपीआई उदयपुर, यूएसएस उदयपुर, यूओजीएस उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न शहरों से 400 से अधिक कैंसर रोग विशेषज्ञ, शोधकर्ता और चिकित्सक विचार और अनुभव साझा करेंगे। कांफ्रेंस डायरेक्टर डॉ.मनोज महाजन ने बताया कि उदयपुर में लगातार चौथी बार कैंसर विशेषज्ञों की कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस बार सम्मेलन से आम जनता को जोडने के लिए टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई से अनुभव प्राप्त डॉ. विजय पाटिल और डॉ. आशय कर्पे की ओपीडी 13 से 15 सितम्बर तक कैंसर केयर क्लिनिक, सौभागपुरा में रखी गयी है जिसमें मरीज विशेषज्ञ से उपचार के लिए सलाह प्राप्त कर सकेंगे। पत्रकार वार्ता को सम्बोन्धित करते हुए पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने बताया कि यह कांफ्रेंस उदयपुर में कैन्सर के क्षेत्र में कार्य कर रहे चिकित्सको के लिए मील का पत्थर शामिल होगी। अग्रवाल ने डॉ.महाजन एवं उनकी टीम को इस कांफ्रेंस की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने बताया कि पीएमसीएच में कैन्सर रोगियों को एक ही छत के नीचे कीमोथैरेपी,इम्यूनोथैरेपी के साथ ही सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। डॉ.महाजन ने बताया कि कांफ्रेंस में डॉ.एम. बी.अग्रवाल, डॉ.पुरविश पारिख, डॉ. हेमन्त मलहोत्रा जैसे जाने माने कैंसर रोग विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.वी.के गोयल ने बताया कि पहले दिन 13 सितम्बर को एकेडमिक सेशन के तहत डॉ.मोहित नरेडी,डॉ.आकांक्षा गर्ग ,डॉ.आशय कर्पे और डॉ.सौरभ भावे एरिथ्रोपोएसिस विषय पर बातचीत करेंगे। इसके चेयरपर्सन डॉ.के.आर. शर्मा, डॉ.वाय.एन. वर्मा, डॉ.जे.के. छापरवाल और डॉ.ए.आर. होंगे। इसके बाद पैनल डिस्कशन में डॉ.शौकत अली, डॉ.धनेश्वर त्रिपाठी, डॉ.बलदेव मीणा, डॉ.मधु नाहर और आकांक्षा गर्ग पेनलिस्ट होंगे व डॉ. आशय कर्पे मोडरेटर होंगे।

### पूर्व व्यवस्थापक के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** जिले की गोगुंदा ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस) के व्यवस्थापक भूपेन्द्र मेघवाल ने आरोपों के बाद हटाए गए पूर्व व्यवस्थापक पन्ना सिंह के खिलाफ गोगुंदा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि उनकी गैरमौजूदगी में पन्ना सिंह समिति कार्यालय पहुंचा। वहां से कुछ सरकारी दस्तावेज चुरा लिए। साथ ही समिति गेट पर ताला लगा दिया।इससे पहले पन्ना सिंह को चार्ज देने के लिए समिति कार्यालय बुलाया गया था लेकिन वह नहीं आए। इस दौरान भूपेन्द्र मेघवाल किसी काम से बाहर गए और पीछे से पन्ना सिंह समिति कार्यालय पहुंचा और सफेद कट्टे में कुछ सरकारी दस्तावेज भरकर ले गया। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उल्लेखनीय है कि गोगुंदा विधायक प्रताप भील और उपजिला प्रमुख पुष्कर तेली ने करीब 6 माह पूर्व समिति में गबन का आरोप लगाते हुए सहकारिता मंत्री गौतम दक को शिकायत की थी। शिकायत पर सहकारी समिति के उप रजिस्ट्रार ने मामले में जांच करवाई। जिसमें पूर्व व्यवस्थापक पन्ना सिंह पर एक करोड़ रुपए से अधिक का गबन सहित अनियमितता की बात सामने आई थी। जांच कमेटी ने इन आरोपों पर पन्ना सिंह की संपत्ति कुर्क करने की बात कहते हुए उन्हें हटाने की अनुशंसा की थी।


**कार्यालय राज.मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, प्राथ.स्वा. केन्द्र जस्साखेडा खण्ड भीम जिला ( राजसमन्द )**

क्रमांक:- RMRS/लेखा/निविदा/ 2024/116 दिनांक:- 12/09/2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जस्साखेड़ा पर दिनांक 31-03-26 तक के लिये निम्नलिखित कार्यो के लिए पंजीकृत ठेकेदारों व अन्य विभागों से मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है निविदाऐं दिनांक 20.09.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक बेची जाएगी एवं उसी दिन दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदाऐं दिनांक 21.09.2024 को दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा पर "सम्बन्धित कार्य हेतु निविदा" लिखा होना चाहिए।

| S. No. | Name Of Work | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | साफ सफाई कार्य (सामग्री सहित) | 216000 | 4400 | 200 |
| 2. | मैन विथ मशीन (एक) | 180000 | 3600 | 200 |

**शर्ते :-**

1. प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बिड पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रतिभूति राशि बैंकर चैक/डीडी/ द्वारा RMRS jassakheda के नाम से देय होगी।
2. कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।
3. समिति न्युनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।

( डॉ. अशोक कुमार )
चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जस्साखेड़ा